## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 14.07.2026 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 15 दिनों के अंदर झारखंड विश्वविद्यालय सेवा आयोग को कार्यरत करने का दिया निर्देश, बीआईटी सिंदरी बनेगी यूनिटरी यूनिवर्सिटी ।**

2. **लोहरदगा के आवासीय विद्यालय में सर्पदंश की घटना पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, मुख्य सचिव से मांगी रिपोर्ट।**

3. **एसआईआर अभियान में पश्चिमी सिंहभूम की बीएलओ अनीता देवी और विजयालक्ष्मी ने गणना प्रपत्रों का किया सौ प्रतिशत डिजिटाइजेशन, बनी उत्कृष्ट बीएलओ।**

4. **झारखंड के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक का निधन, राजनीतिक जगत में शोक की लहर, मुख्यमंत्री ने व्यक्त की शोक संवेदना।**

**और**

5. **मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में बोकारो, गिरिडीह समेत कई जिलों में मेघगर्जन,वज्रपात के साथ बारिश का जताया पूर्वानुमान।**

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अगले 15 दिनों के अंदर झारखंड विश्वविद्यालय सेवा आयोग को कार्यरत करने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने हायर एजुकेशन और रोजगारपरक कोचिंग के लिए 15 दिन के अंदर कोचिंग रेगुलेटरी अथॉरिटी को पूर्ण रूप से कार्यरत करने का भी निर्देश दिया। इसके साथ ही बीआईटी सिंदरी को यूनिटरी यूनिवर्सिटी के रूप में अपग्रेड के लिए सहमति दी गई।

*******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि चाईबासा और सारंडा क्षेत्र के विकास के लिए पिछले दस वर्षों में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के तहत लगभग 3,700 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी राशि मिलने के बावजूद भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के कारण खनन प्रभावित क्षेत्रों में अपेक्षित विकास नहीं हो सका। श्री मरांडी ने कहा कि इन क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

*******************

झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार कले दुमका के सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक स्थिति की समीक्षा करेंगे । साथ ही कुलपति, कुल सचिव एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं और लंबित कार्यों की प्रगति की जानकारी लेंगे।

*******************

लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड स्थित आवासीय विद्यालय में चार छात्राओं के सांप काटने और एक छात्रा की मौत मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने झारखंड के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है.

*******************

मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम–2026 के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले की बूथ लेवल अधिकारी अनीता देवी और विजयालक्ष्मी ने क्षेत्र के सभी गणना प्रपत्रों का 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन सफलतापूर्वक पूरा किया है । इस उपलब्धि के साथ उनका नाम राज्य के बेहतर प्रदर्शन करने वाले बीएलओ की सूची में भी शामिल हो गया है। चक्रधरपुर की बीएलओ विजयालक्ष्मी ने बताया कि एसआईआर कार्य में शत् प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने में सबका सहयोग मिला। वहीं अनीता देवी ने अन्य बीएलओ से भी निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने का आह्वान किया।

*******************

झारखंड पुलिस ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी के सहयोग से रांची के होटवार स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में अधिकारियों के लिए तीन दिवसीय विशेष अनुसंधान प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इस प्रशिक्षण में जिला पुलिस, एटीएस और अन्य इकाइयों के 45 अधिकारी प्रभावी अनुसंधान और अभियोजन की बारीकियां सीख रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन आईजी प्रशिक्षण ए. विजयलक्ष्मी ने किया

*******************

झारखंड के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मन्नान मल्लिक का निधन हो गया है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और रांची के एक निजी अस्पताल में इलाजरत थे। उनके निधन से राजनीतिक जगत में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है ।

*******************

दुमका में युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर में एक दिवसीय प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राचार्य शंकर हजारा ने बताया कियुवाओं को प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप योजना, पंजीकरण प्रक्रिया, उद्योग में प्रशिक्षण के अवसर तथा रोजगार की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

*******************

जमशेदपुर पुलिस ने ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार के खिलाफ सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में छापेमारी की। इस कार्रवाई में एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी ललित मीणा ने इसकी जानकारी दी।

*******************

सीआईएसएफ कोयला क्षेत्र करगली, रांची के उप महानिरीक्षक सुमंत सिंह ने करकट्टा जंगल का दौरा कर अवैध कोयला खनन प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।उन्होंने अधिकारियों को अवैध खनन, कोयला तस्करी और उससे जुड़े नेटवर्क के खिलाफ अभियान लगातार जारी रखने तथा ड्रोन और अन्य तकनीकी संसाधनों के माध्यम से निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।

*******************

घरेलू शेयर बाजार का प्रमुख सूचकांक दोपहर के कारोबारी सत्र में नुकसान के साथ काम कर रहा था। सेंसेक्स तीन सौ छप्पन अंक लुढककर 77 हजार दो सौ बहत्तर पर और निफ्टी सतासी अंक घटकर 24 हजार एक सौ 25 पर कारोबार कर रहा था

*******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 33 हजार 200 रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 28 हजार रूपये प्रति किलो है।

*******************

विश्व युवा कौशल दिवस को लेकर हजारीबाग में तीन दिवसीय शिल्पोत्सव का आयोजन किया गया है इसमें सौ से अधिक कलाकारों को एक मंच पर लाने की कोशिश की गई। खासकर हजारीबाग के लोकप्रिय हजारों साल पुरानी सोहराय कला की झलक देखने को मिली । सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि शहर में इन्हें एक बेहतर स्थान भी देना चाहिए ताकि सालों भर कलाकारों के उत्पाद बिक सके।

*******************

मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों में बोकारो, गिरिडीह समेत कई जिलों में मेघगर्जन,वज्रपात के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है । मौसम केंद्र रांची ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

*********समाप्त**************